web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, बुधवार 14 अगस्त 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 318

## छत्तीसगढ़ के कटघोरा में खुलेगी देश की पहली लीथियम खदान

- नेशनल मिनिरल एक्सप्लोरेशन ट्रस्ट की 6वीं गवर्निंग बॉडी मीटिंग में शामिल हुए छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री
- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रतिनिधि के तौर पर बैठक में उपस्थित रहे श्याम बिहारी जायसवाल
- लगभग 250 हेक्टेयर क्षेत्र में 10 से 2 हजार पीपीएम लीथियम कंटेन्ट की उपलब्धता

रायपुर । आरएनएस



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर उनके प्रतिनिधि के रूप में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल नई दिल्ली के डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित नेशनल मिनिरल एक्सप्लोरेशन ट्रस्ट की 6वीं गवर्निंग बॉडी मीटिंग में शामिल हुए। बैठक में केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी की अध्यक्षता में खनिजों का दोहन और उनके उपयोग के साथ प्रकृति एवं पर्यावरण के संरक्षण पर चर्चा हुई। बैठक में छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में स्थित कटघोरा क्षेत्र की भी चर्चा हुई। जिओलाजिकल सर्वे आफ इंडिया में कटघोरा के लगभग 250 हेक्टेयर क्षेत्र में लीथियम के बड़ा भंडार होने की पुष्टि हुई है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रतिनिधि के रूप में बैठक में उपस्थित रहने वाले राज्य के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने जानकारी देते हुए कहा है कि कटघोरा में शीघ्र ही शुरू होने वाली लीथियम की खदान देश की पहली लीथियम खदान होगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में लीथियम एक अहम धातु है जिससे राज्य और देश विकास की नई दिशा की तरफ अग्रसर होंगे। उन्होंने कहा कि लीथियम खदान के शुरु हो जाने से छत्तीसगढ़ आने वाले समय में देश के अग्रणी राज्यों में से एक होगा और विकसित भारत, 2047 के योगदान में छत्तीसगढ़ के लीथियम भंडार का बड़ा योगदान होगा।

गौरतलब है कि भारत सरकार के खान मंत्रालय द्वारा छत्तीसगढ़ सहित बिहार, गुजरात, झारखण्ड, ओडिशा, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, जम्मू और कश्मीर में स्थित 20 क्रिटिकल एंड स्ट्रेटेजिक मिनरल ब्लॉक्स का ई-नीलामी के माध्यम से आबंटन हेतु एमएसटीसी पोर्टल में एनआईटी जारी किया गया है।

इन 20 ब्लॉक्स में से छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में स्थित कटघोरा क्षेत्र में लिथियम एंड आरईई ब्लॉक भी शामिल है। लगभग 250 हेक्टेयर क्षेत्र में जीएसआई द्वारा प्रारंभिक सर्वे में लगभग 10 पीपीएम से 2 हजार पीपीएम लिथियम कन्टेन्ट पाया गया है। ब्लॉक में रेयर अर्थ एलिमेंट की भी उपस्थिति पाई गई है। क्रिटिकल एंड स्ट्रेटेजिक मिनरल्स की आवश्यकता रिन्यूवेबल एनर्जी, रक्षा, कृषि, फार्मास्युटिकल, उच्च-तकनीकी इलेक्ट्रानिक्स, दूरसंचार, परिवहन आदि में होती है। इस खनिज के मामलों में वर्तमान में देश आयात पर निर्भर है।

## सीमा पार से घुसपैठ की कोशिश नाकाम, पंजाब के तरनतारन में बीएसएफ ने पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार गिराया

तरनतारन । आरएनएस



स्वतंत्रता दिवस से पहले जारी हाईअलर्ट के बीच पंजाब सीमा से भारत में घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे एक संदिग्ध पाकिस्तानी घुसपैठिये को बीएसएफ ने मार गिराया। सीमा सुरक्षा बल के एक प्रवक्ता ने कहा कि उस व्यक्ति को सोमवार रात करीब 8.30 बजे तरनतारन जिले के दल गांव में गुप्त रूप से अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करते और सीमा बाड़ के पास जाते देखा गया। प्रवक्ता ने बताया कि ड्यूटी पर तैनात बीएसएफ कर्मियों ने घुसपैठिये को चुनौती दी लेकिन वह नहीं रुका और सीमा सुरक्षा बाड़ की ओर बढ़ता रहा। उन्होंने कहा, खतरे को भांपते हुए और आगामी स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर सीमा पर हाईअलर्ट की स्थिति को ध्यान में रखते हुए, ड्यूटी पर तैनात जवानों ने आगे बढ़ रहे घुसपैठिये पर गोलीबारी की, जिससे वह मौके पर ही ढेर हो गया।

प्रवक्ता ने कहा, सतर्क बीएसएफ जवानों ने एक बार फिर सीमा पार से भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ की इस कोशिश को अंजाम देने वाले सीमा पार आतंकी सिंडिकेट के नापाक इरादों को सफलतापूर्वक विफल कर दिया। पंजाब में 553 किलोमीटर लंबी भारत-पाकिस्तान सीमा की सुरक्षा करने वाले बीएसएफ ने 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के आयोजनों के मद्देनजर 10 अगस्त से सीमा पर हाई अलर्ट घोषित किया है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### मासूम बेटी को बचाने कुएं में कूदी मां, दोनों की मौत

**मुरैना (आरएनएस)।** झमटुली गांव में पूर्णिमा पति कमलेश प्रजापति 26 साल, 10 माह की बच्ची माधुरी को लेकर खेत में निदाई कर रही थी, तभी बच्ची खेलते खेलते कुएं के पास पहुंची और गिर गई। कुएं में गिरने की आवाज सुनकर मां पहुंची और बिना देर किए मासूम को बचाने कुएं में छलांग लगा दी, जिससे दोनों की मौत हो गई। पति कमलेश जब काम से घर लौटा पत्नी एवं बच्ची को नहीं देखा तो दोनों को ढूंढने खेत पर पहुंचा। कुएं में देखा तो बच्ची का शव और पत्नी की चप्पल दिखी। जिसकी सूचना रात में ही बमीठा पुलिस को दी गई। बच्ची के शव को बाहर निकाल लिया, वहीं आज सुबह पूर्णिमा के शव को बाहर निकाला गया। मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार घटनास्थल की जांच की। नायब तहसीलदार ने शासन के नियमानुसार आर्थिक मदद का भरोसा दिलाया है।

### आसाराम को बड़ी राहत, हाईकोर्ट से मिली 7 दिनों की पैरोल, वजह भी आई सामने

**जोधपुर (आरएनएस)।** यौन उत्पीड़न के आरोप में आजीवन कारावास की सजा काट रहे आसाराम को राजस्थान हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने आसाराम को 7 दिन की पैरोल दी है। ये पैरोल आसाराम को इलाज के लिए मिली है। आसाराम पुलिस कस्टडी में इलाज के लिए महाराष्ट्र जाएंगे। हाई कोर्ट के जस्टिस डॉक्टर पुष्पेंद्र सिंह भाटी की खंडपीठ ने उनकी अंतरिम पैरोल मंजूर की। मार्च 2024 में सुप्रीम कोर्ट ने रेप के मामले में सजा काट रहे आसाराम की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया था। आसाराम ने स्वास्थ्य के आधार पर सजा निलंबित करने को लेकर सुप्रीम कोर्ट से अनुरोध किया था। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया था। आसाराम ने खराब सेहत का हवाला देकर सुप्रीम कोर्ट से राहत मांगी थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि निचली अदालत से मिली उम्रकैद की सजा के खिलाफ आसाराम की याचिका पर राजस्थान हाईकोर्ट तेजी से सुनवाई करे। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा था कि इलाज को लेकर राहत के लिए वे राजस्थान हाईकोर्ट में अर्जी दें। इससे पहले सितंबर 2023 में भी सुप्रीम कोर्ट ने आसाराम को जमानत देने से इनकार कर दिया था। राजस्थान हाईकोर्ट से जमानत की अर्जी खारिज होने के बाद आसाराम के वकीलों ने सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दी थी। राजस्थान हाईकोर्ट ने वर्ष 2022 में आसाराम को जमानत देने से इनकार कर दिया था। आसाराम की उम्र करीब 81 साल हो गई है और वह कई गंभीर बीमारियों से पीड़ित हैं।

### बाबा रामदेव को भ्रामक विज्ञापन मामले में बड़ी राहत, सुप्रीम कोर्ट ने लिखित माफीनामे के बाद बंद किया केस

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने योगगुरु रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के आचार्य बालकृष्ण को बड़ी राहत देते हुए उनके खिलाफ अवमानना का केस बंद कर दिया है। रामदेव और बालकृष्ण ने लिखित में माफी मांगी और कहा कि आगे से गुमराह करने वाले विज्ञापनों और पतंजलि के उत्पादों को लेकर भ्रामक दावे नहीं किए जाएंगे। सुप्रीम कोर्ट ने भ्रामक विज्ञापन मामले में योग गुरु रामदेव, उनके सहयोगी बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड को जारी अवमानना नोटिस पर 14 मई को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था।

## बस हुई आउट ऑफ कंट्रोल, कई कारों और मोटरसाइकिल को मारी टक्कर

बेंगलुरु । आरएनएस



बेंगलुरु में हेब्बल फ्लाईओवर पर एक बीएमटीसी वोल्वो बस ने एक साथ कई गाडिय़ों को टक्कर मार दी। इस हादसे में दो बाइक सवार घायल हो गए जबकि कई गाडिय़ां और मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गईं।

अब घटना का सीसीटीवी वीडियो वायरल हो रहा है। घटना बस में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। वीडियो में साफ दिख रहा है कि बस फ्लाईओवर पर जा रही है। जाम की स्थिति बनने पर ड्राइवर ने पहले बस को कई गाडिय़ों के पीछे रोक लिया, लेकिन जब ट्रैफिक दोबारा शुरू हुआ तो इस बार बस नहीं रुकी और कई मोटर साइकिल सवारों को रौंदते हुए कारों को टक्कर मार दी।

वीडियो में देखने से ऐसे संकेत मिल रहे हैं कि शायद बस के ब्रेक सिस्टम में कोई समस्या आ गई होगी, जिसकी वजह से बस ड्राइवर के कंट्रोल से बाहर हो गई। गनीमत रही कि बस की रफ्तार कम होने की वजह से जानमाल का नुकसान नहीं हुआ। घटना सोमवार सुबह 9.25 बजे की है। घटना की वजह से चार मोटरसाइकिल और चार कारों को क्षति पहुंची है।

घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना से फ्लाईओवर पर लगे जाम को पुलिस कड़ी मशक्कत के बाद खोल पाई। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही कुछ स्पष्ट तौर पर कहा जा सकता है।

## एक ही परिवार के आठ सदस्यों का हुआ अंतिम संस्कार, बाढ़ ने ली थी जान

होशियारपुर । आरएनएस



पंजाब के होशियारपुर में बाढ़ की चपेट में आने से मरने वाले एक ही परिवार के आठ लोगों का मंगलवार को अंतिम संस्कार कर दिया गया। सभी मृतकों का हिमाचल और पंजाब की सीमा पर स्थित ऐतिहासिक धार्मिक स्थल बभौर साहब के श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया। जानकारी के अनुसार, होशियारपुर में बाढ़ की चपेट में एक इनोवा गाड़ी आ गई थी। हादसे में कार सवार 10 लोग बाढ़ के पानी में बह गए थे। मृतकों में देहलां निवासी सुरजीत कुमार, उनकी पत्नी परमजीत कौर, बेटा गगन, बलविंदर कौर, नितिन, अंकिता, भावना और हरमीत शामिल थे। कड़ी मशक्कत के बाद सभी लोगों के शवों को बरामद किया गया और मंगलवार को उनका अंतिम संस्कार किया गया।

मृतकों को विदाई देने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान मृतकों के परिवार के सदस्य, विधायक और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने मृतकों को श्रद्धांजलि दी और कहा, बाढ़ की चपेट में आने से कुछ लोगों की मौत हो गई थी। ये एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना है, इस हादसे की कोई कल्पना भी नहीं कर सकता। इस हादसे में तीन परिवार तो ऐसे हैं जिनका अब मात्र एक-एक सदस्य ही बचा है। मैं इस दु:ख की घड़ी में मृतकों के परिवार वालों के साथ खड़ा हूं और सरकार भी उनके साथ है।

वहीं, पूर्व विधायक सतपाल सिंह रायजादा ने कहा, वह हादसे के बाद दो दिन तक पीड़ित परिवारों के साथ थे। होशियारपुर में पोस्टमार्टम कराकर शवों को उनके घर लाया गया। पीड़ित परिवारों के लिए ही नहीं बल्कि हम सबके लिए ये दुख का समय है। प्रदेश सरकार इन परिवारों के साथ खड़ी है। मृतकों के परिवार को हर संभव सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी।

बता दें कि जिले की रहने वाली तीन बहनें परमजीत कौर, बलविंदर कौर और सुरेंद्र कौर अपने परिवार के सदस्यों के साथ शादी समारोह में शामिल होने के लिए गई थी। पंजाब के माहिलपुर जाते समय फ्लैश फ्लड आने से उनकी गाड़ी इसकी चपेट में आ गई थी। हादसे के दौरान सिर्फ दीपक नाम के युवक को ही बचाया जा सका था।

फिलहाल 9 लोगों के शव को बरामद कर उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया है। जबकि स्वरूप चंद नाम का शख्स लापता बताया जा रहा है।

## सेना कमांडर ने सीमावर्ती इलाकों का किया दौरा, आतंकवादी विरोधी अभियानों का लिया जायजा

जम्मू । आरएनएस



उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिंद्र कुमार ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के डोडा और किश्तवाड़ जिलों में सीमावर्ती इलाकों का दौरा कर आतंकवाद विरोधी अभियानों की समीक्षा की। सेना कमांडर ने दोनों जिलों के सीमावर्ती इलाकों का दौरा किया और सैन्य बलों की तैनाती का आकलन किया। अधिकारियों ने बताया कि कमांडर ने आतंकवाद रोधी डेल्टा फोर्स के सीमावर्ती इलाकों का दौरा किया और जवानों से बातचीत की।

उत्तरी कमान ने अपने एक्स पर कहा, लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिंद्र कुमार ने क्षेत्र में बढ़ती आतंकवादी गतिविधियों के मद्देनजर चल रहे आतंकवाद विरोधी अभियानों की समीक्षा के लिए डोडा और किश्तवाड़ क्षेत्र में आतंकवाद रोधी बल (डेल्टा) के अग्रिम ठिकानों (सीमावर्ती इलाकों) का दौरा किया।

सेना ने कहा कि कमांडर ने क्षेत्र में अतिरिक्त बलों की तैनाती के विकल्पों का आकलन किया। उन्होंने पुलिस और अर्धसैनिक बलों के साथ तालमेल बनाने पर भी जोर दिया।

सेना ने कहा, सेना कमांडर ने सभी सैनिकों को अभियानों की गति को बनाए रखने के लिए कहा, ताकि चल रहे और आने वाले कार्यक्रमों के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित हो।

पिछले दो महीनों से जम्मू डिवीजन के पहाड़ी जिलों पुंछ, राजौरी, डोडा, कठुआ, रियासी और उधमपुर में आतंकवादियों ने हमले किए हैं। आतंकवादियों की तलाश के लिए इलाके में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

चार दिन पहले कोकरनाग के अहलान गंडोले इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुई थी, जिसमें सेना के दो जवान शहीद हो गए थे और एक नागरिक की मौत हो गई थी। तलाशी अभियान को किश्तवाड़-डोडा क्षेत्र तक बढ़ा दिया गया है।

जम्मू डिवीजन के पहाड़ी जिलों में 40 से 50 कट्टर विदेशी आतंकियों के सक्रिय होने की रिपोर्ट के बाद, सेना ने 4,000 से अधिक सैनिकों को तैनात किया है, इनमें विशिष्ट पैरा कमांडो और पर्वतीय युद्ध में प्रशिक्षित लोग शामिल हैं। इन जिलों के घने जंगलों में छिपे आतंकवादियों ने सेना, अर्धसैनिक बलों और नागरिकों के खिलाफ हिट-एंड-रन हमलों को अंजाम दिया है।

आतंकवादियों ने जो रणनीति अपनाई है वह यह है कि वे अचानक घात लगाकर हमला करते हैं और फिर घने जंगलों में गायब हो जाते हैं। आतंकवादियों की रणनीति को विफल करने के लिए इन जिलों की पहाडिय़ों पर सेना और सीआरपीएफ को तैनात किया गया है।

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने इन इलाकों में सक्रिय कुछ आतंकवादियों के स्केच पहले ही जारी कर दिए हैं। इन आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में जानकारी देने वाले को 5-5 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की गई है।

पुलिस ने यह भी कहा कि सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी। सूचना देने के इच्छुक लोगों के मन में किसी भी तरह का डर नहीं होना चाहिए।

## पुलिसकर्मी दंपत्ति की भीषण सडक़ दुर्घटना में मौत, ओवरलोड ट्रक ने मारी टक्कर, ट्रक में लगी आग

मुजफ्फरनगर । आरएनएस

उत्तर प्रदेश के जनपद मुजफ्फरनगर में मंगलवार सुबह एक भीषण सडक़ हादसे में पुलिसकर्मी दंपत्ति की मौत हो गई। हादसा तब हुआ जब पुलिस का सिपाही सुधीर अपनी पत्नी सोनिया के साथ बाइक से सहारनपुर से मुजफ्फरनगर की ओर जा रहे थे। सुधीर और सोनिया की बाइक राष्ट्रीय राजमार्ग 58 पर मुजफ्फरनगर के नई मंडी थाना क्षेत्र के बिलासपुर जौली चौराहे के पास थी, जब पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ओवरलोड ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर के कुछ ही क्षण बाद ट्रक में आग लग गई, और इस आग की लपटों ने मौके पर ही भयावह दृश्य उत्पन्न कर दिया। इस दुर्घटना में सुधीर और सोनिया की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद ट्रक ड्राइवर ट्रक में आग लगते देख मौके से फरार हो गया। घटनास्थल पर स्थानीय पुलिस पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने जानकारी दी कि दुर्घटना के बाद दमकल विभाग की गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।

सुधीर, जो सहारनपुर का निवासी था और उत्तर प्रदेश पुलिस में कांस्टेबल के पद पर मुरादाबाद में तैनात था, अपनी पत्नी सोनिया के साथ सहारनपुर से मुजफ्फरनगर जा रहा था, जब यह हादसा हुआ।

## विश्व के चौथे सबसे बड़े रिफाइनर के तौर पर ऊर्जा में आत्मनिर्भरता की तरफ बढ़ रहा भारत : पेट्रोलियम मंत्री

नई दिल्ली । आरएनएस

भारत मौजूदा समय में विश्व का चौथा सबसे बड़ा रिफाइनर है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की तरफ बढ़ रहा है। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को ये बात कही।

पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि देश में ऊर्जा की मांग 2050 तक दोगुनी होने की संभावना है। हमारा सारा ध्यान देश के मौजूदा एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने पर है। इस मिशन के लिए मंत्रालय की ओर से ओएनजीसी और ऑयल इंडिया लिमिटेड के नामांकित क्षेत्रों से नए कुओं या कुओं से उत्पादित गैस के आवंटन को 20 प्रतिशत प्रीमियम (नई गैस के लिए भारतीय क्रूड बास्केट मूल्य का कुल 12 प्रतिशत) पर नोटिफाइड किया गया है जबकि, पेट्रोलियम प्लानिंग और एनालिसिस सेल (पीपीएसी) द्वारा मासिक आधार पर घोषित प्रशासित मूल्य तंत्र (एपीएम) भारतीय क्रूड बास्केट मूल्य का 10 प्रतिशत तय किया गया है।

केंद्रीय मंत्री की ओर से कहा गया कि इससे कंपनियों को ऐसे नए गैस प्रोजेक्ट को विकसित करने में और चलाने में सफलता मिलेगी, जहां से गैस निकलना कठिन होता है और अधिक मात्रा में कैपिटल और टेक्नोलॉजी की आवश्यकता होती है। आत्मनिर्भर बनने के लक्ष्य की तरफ बढ़ते हुए देश ने रिकॉर्ड गैस उत्पादन दर्ज किया है।

उन्होंने आगे कहा कि भारत का गैस उत्पादन वित्त वर्ष 24 में 36.43 बिलियन क्यूबिक फीट (बीसीएम) रहा, जो कि वित्त वर्ष 21 में 28.7 बीसीएम था। वित्त वर्ष 26 तक देश का गैस उत्पादन 45.3 बीसीएम पहुंच सकता है। देश में बढ़ती हुई ऊर्जा की मांग को देखते हुए सरकार का फोकस कच्चे तेल और गैस की खोज को बढ़ाना भी है। देश में जून में 5,594 मिलियन मीट्रिक स्टैंडर्ड क्यूबिक मीटर (एमएमएससीएम) गैस की खपत हुई थी।

सरकार के मुताबिक, ग्रीन ऊर्जा की बढ़ती हुई मांग को पूरा करने के लिए गैस कंपनियां भी अपने नेटवर्क को बढ़ा रही है। देश में जून में पेट्रोल, डीजल और जेट फ्यूल की मांग 2.6 प्रतिशत बढक़र 20 मिलियन मीट्रिक टन हो गई है।

## कुशीनगर में फसल सुरक्षा को लेकर खेत के किनारे लगाए गए करंटयुक्त तार चपेट में आकर तीन युवकों की हुई मौत

कुशीनगर । आरएनएस



उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले के रामकोला थाना क्षेत्र के सपहा गांव के टोला महतो में सोमवार की रात एक बड़ा हादसा हो गया। फसल सुरक्षा के लिए चारों तरफ से दौड़ाए गए करंट युक्ततार की चपेट में आकर तीन युवकों की मौत हो गई। रात से ही गायब युवकों की परिजन तलाश कर रहे थे। मंगलवार की सुबह गांव के एक खेत के पास तीनों युवक मृत हाल में मिले।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस घटना को लेकर गांव वालों में फसल सुरक्षा के लिए लगाए गए करंट युक्त तार को लेकर आक्रोश व्याप्त है। हादसे की जानकारी के बाद बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए हैं।

ज्ञातव्य हो कि सपहा गाँव निवासी किसान लहरी कुशवाहा ने मक्के व सब्जी की खेती की है। नीलगाय और अन्य जानवरों से फसल को बचाने की खातिर उसने लोहे की तार लगाकर उसमें करंट प्रवाहित किया था। सोमवार की रात गांव के ही तीन युवक विशाल (24) अमरजीत शर्मा (32) वर्ष और अमरजीत का भांजा सन्नी ( 22) वर्ष की करंटयुक्त तार की चपेट में आने से मौत हो गई।

रात के वक्त गायब युवकों की परिजनों ने तलाश की, लेकिन उनका पता नहीं चल सका। मंगलवार की सुबह जब लोग घरों से बाहर निकल लहरी के घर के खेत के पास पहुंचे तो तीनों युवक मृत हाल में मिले। इसकी जानकारी होने के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई।

लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, जानकारी होने के बाद जिलाधिकारी उमेश मिश्रा, पुलिस कप्तान संतोष कुमार मिश्रा व एसडीएम कप्तानगंज योगेश्वर सिंह भी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी लेते हुए परिजनों को ढांढस बंधाया। दूसरी तरफ, घटना के बाद से ही किसान लहरी कुशवाहा घर छोडक़र फरार है। गांव के लोगों में घटना को लेकर आक्रोश व्याप्त है। लोगों का कहना है कि अगर तार के करंट नहीं होता तो आज तीनों युवकों की जान बच गई होती।